an>

Title: Need to take action against the management of a hospital in Jameshedpur City for death of a pregnant woman due to alleged negligence.

**श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम):** माननीय अध्यक्ष जी, झारखंड राज्य के सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आदित्यपुर निवासी श्री प्रियरंजन की पत्नी श्रीमती प्रियंका को डिलीवरी हेतु दिनांक 6 जून, 2016 को जमशेदपुर के स्टील सिटी रिसर्च एंड डाईग्नोसटिक सैन्टर अस्पताल में भर्ती कराया गया। एडमिट के वक्त उक्त महिला बिल्कुल सामान्य थी। डॉ. निशा तिवारी द्वारा उक्त गर्भवती महिला की डिलीवर अति लापरवाही एवं गलत तरीके से करने के कारण सिजेरियन ऑपरेशन किट रह गई। नतीजन नवजात शिशु के शरीर पर कटा जख्म पाया गया। साथ ही महिला के शरीर से रक्त का स्राव बंद ही नहीं हुआ और महिला की स्थिति बिगड़ती चली गई। हद तो तब हो गई जब अस्पताल के प्रबंधन द्वारा ही उक्त सीरियस महिला को आनन-फानन में जमशेदपुर के ही अन्य अस्पताल टी.एम.एच. के सीसीयू में भर्ती कर दिया गया, जहां श्रीमती प्रियंका जिंदगी और मौत से जूझते हुए 15 जून को दम तोड़ दिया।

**माननीय अध्यक्ष :** इसकी जांच कहां से करेंगे?

â€¦(व्यवधान)

**श्री लक्ष्मण गिलुवा:** मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि ऐसे अस्पताल प्रबंधन और डॉ. निशा तिवारी जैसे डॉक्टर, जो सामान्य केस को गंभीर........(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** ऐसे नहीं होता है। यह मामला स्टेट मैटर है, वहां के अस्पताल का है। यहां हर डॉक्टर का नाम लेकर क्या करेंगे?

Dr. P. Venugopal – not present. Shri P.R. Sundaram.